NORTHERN POWERGRID

www.northernpowergrid.com

# हमें आपकी विद्युत आपूर्ति बन्द क्यों करनी पड़ेगी



NORTHERN POWERGRID

## हम कौन हैं

Northern Powergrid में हम उत्तरपूर्व, यॉर्कशायर और उत्तरी लिंकनशायर को दो विद्युत आपूर्ति कंपनियों के जरिये बिजली देते हैं-- Northern Powergrid (Northeast) Ltd और Northern Powergrid (Yorkshire) plc। हम आपके आपूर्तिकर्ता को अपने विद्युत वितरण नेटवर्क के जरिये 3.9 मिलियन घरों और व्यापारिक उद्यमों को बिजली देने के लिए आपूर्ति करते हैं। आपका आपूर्तिकर्ता आपकी बिजली के लिए आपको बिल देता है और आपके मीटर के लिए जिम्मेदार है।

## हमारे ऑनलाइन समुदाय में शामिल हों

हमारा ऑनलाइन समुदाय कई प्रकार के मुद्दों पर ग्राहकों से बातचीत करने का हमें मौका देता है। आपकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया हमें सुधार करने और हमारी भावी सेवाओं को रुप देने में हमारी मदद करेगा। कृपया www.northernpowergrid.com/community पर रजिस्टर करें और समुदाय में शामिल हो जायें।

## हमें आपकी विद्युत आपूर्ति को बंद करने की जरूरत क्यों है

लाइटें ऑन रखने के लिए, हमें आम तौर पर एक औसत महीने में 480 मौकों पर सुनियोजित कामों को अंजाम देना होता है, जिसके लिए नेटवर्क को बंद करने की आवश्यकता होती है। कृपया निश्चिंत रहें कि यह कुल किये जाने वाले काम का एक छोटा सा हिस्सा ही है और यह कि 90 प्रतिशत से भी ज्यादा काम बिजली को ऑन रखते हुए ही होता है। लेकिन कुछ कामों के लिए जैसे कि किसी कमी को सही करना, पुरजे बदलना और देखरेख कार्य करने के लिए, नयी आपूर्ति को जोड़ने और ओवरहेड लाइनों से पेड़ों/पौधों आदि को हटाने के लिए हमें बिजली को बंद करना आवश्यक होता है ताकि कामों को सुरक्षित तरीके से किया जा सके।

## हमें आपको कितने समय की सूचना देने की आवश्यकता होती है

कानूनन हमें आपको कम से कम दो दिन की सूचना देनी चाहिए अगर हम आपकी बिजली बंद करने जा रहे हैं। लेकिन, हमें यह पता चलता है कि कभी-कभी यह आपके लिए सारे इंतजाम करने के लिए पर्याप्त नहीं होता है, इसलिए हम आपको 10 दिन पहले की सूचना देने का लक्ष्य रखते हैं। हम जानते हैं कि ज्यादा समय पहले नोटिस देने का अक्सर यह अर्थ होता है कि ग्राहक बिजली बंद करना भूल जाते हैं इसलिए हमने इस पुस्तिका के पिछले पेज पर एक रिमाइंडर सूचना डाल दी है जिसे आपको भरना है और उसे किसी ऐसी जगह रखना है ताकि हर कोई इसे देख सके।

## हम अरक्षित ग्राहकों की सहायता कैसे कर सकते हैं

अगर आप अरक्षित हैं और आपको अतिरिक्त सहायता की जरूरत है तो, कृपया 0800 169 2996 पर हमारी प्राथमिकता सेवाओं और अपनी स्थिति को दर्ज कराने के लिए हमसे संपर्क करें ताकि हम आपकी मदद करने का प्रयास कर सकें।

## जनरेटर की व्यवस्था

अलग-अलग जनरेटर देना या जोड़ना हमारे लिए व्यावहारिक नहीं है। आप स्थानीय किराये पर जनरेटर देने वाली दुकानों से छोटे जनरेटर किराये पर ले सकते हैं, यदि आप चाहें तो। अगर आप कोई बड़े वाणिज्यिक या औद्योगिक ग्राहक हैं तो हमसे 0800 587 8865 पर संपर्क करें और हम आपको विशेषज्ञ जनरेटर किराये पर देने वाली कंपनियों का संपर्क विवरण देंगे।



## अपने विद्युत उपकरणों की रक्षा कैसे करें

- आपको किसी भी संवेदनशील विद्युत उपकरण को बिजली बंद करने से पहले बंद कर देना चाहिए।
- ऊष्मा उत्सर्जित करने वाले विद्युत उपकरणों जैसे कि आयरन, फायर, फैन हीटर, हेयर स्ट्रेटनर आदि को बंद कर दें। अगर आप इन्हें ऑन छोड़ देंगे, तो वे हमारे द्वारा विद्युत आपूर्ति फिर से चालू करने पर आग पकड़ सकते हैं।
- अगर आपके बर्गलर अलार्म किसी भरोसेमंद बैटरी आपूर्ति पर हैं तो उन्हें हमारे द्वारा विद्युत आपूर्ति को ऑन किये जाने तक ऑन छोड़ दिया जाना चाहिए।
- आपको कुछ विद्युत उपकरणों के टाइमर को रीसेट करने की जरूरत हो सकती है जैसे कि केंद्रीय हीटिंग, कुकर आदि जब हम विद्युत फिर से चालू करेंगे।
- जब तक हम बिजली फिर से चालू न करें तब तक फ्रिज या फ्रीजर के दरवाजे न खोलें क्योंकि इससे ठंडी हवा को निकलने का मौका मिलेगा।
- हमारे द्वारा बिजली बंद किये जाने के ठीक पहले लिफ्ट या स्टेयर लिफ्ट का प्रयोग करने से बचें।
- अगर आपके पास बिजली से चलने वाले एक्सेस कंट्रोल दरवाजे, गैरेज दरवाजे या ड्राइववे गेट हैं तो आपको पता कर लेना चाहिए कि उन्हें हाथ से कैसे चलाया जा सकता है। आपको हमारे द्वारा बिजली बंद किये जाने के पहले अपने ड्राइववे गेटों को खोलने पर भी विचार करना चाहिए।

## आप कैसे तैयारी कर सकते हैं

निम्न चीज़ें अपनी पहुंच में रखें:

- एक टॉर्च यदि आपकी आपूर्ति के साथ कोई दिक्कत आए।
- एक पूरी तरह चार्ज मोबाइल फोन (बिजली पर काम करने वाले लैंडलाइन फोन काम नहीं करेंगे).


ठंडे मौसम में आपको सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि आपके पास निम्न चीजें हैं:

- एक फ्लास्क ताकि आप गर्म पेय रख सकें।
- गर्म रखने के लिए एक कंबल।

### काम की सलाह:

*क्यों न आप एक लाइट जली छोड़ दें ताकि जब बिजली वापस आये तो आपको पता चल जाये।*







# नेटवर्क पर कमी को दुरुस्त करना

## हमें नेटवर्क पर किसी कमी को दुरुस्त करना क्यों जरूरी है

अगर आपके क्षेत्र में विद्युत नेटवर्क पर कोई कमी आती है जिसके कारण आपको या अन्य ग्राहकों को विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आती है, तो यह अहम है कि हम जितनी जल्दी हो सके उतनी जल्दी मरम्मत कर दें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपके विद्युत आपूर्ति की सुरक्षा बरकरार है।

जब हम कमी की पहचान कर लेते हैं, और स्थायी मरम्मत करने से पहले, कभी कभी हमें आपकी विद्युत आपूर्ति को किसी अन्य नेटवर्क से जोड़ना पड़ सकता है। इसका नतीजा सामान्य तौर पर आपको प्राप्त होने वाली आपूर्ति की गुणवत्ता में कमी के रूप में सामने आ सकता है जैसे कि लाइटें टिमटिमा सकती हैं या कुछ मद्धम हो सकती हैं। घबराएं नहीं, यह आम बात है और आपकी आपूर्ति स्थायी मरम्मत के साथ ही वापस सामान्य हो जाएगी।



# नेटवर्क को बदलना और उसकी देखरेख करना

## हमें नेटवर्क को बदलने और उसकी देखरेख करने की जरूरत क्यों होती है

हम ऐसे लोगों की टीमों को लगाते हैं, जिन्हें हर रोज बिजली नेटवर्क पर बदलने और देखरेख का काम करना होता है। यह काम आपके क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति को कायम रखने और उसकी भरोसेमंदी को बढ़ाने के लिए पूरे वर्ष के दौरान सुनियोजित किया जाता है। यह विद्युत काटने की बारंबारता में भी कमी लाने में और नेटवर्क पर किसी कमी के कारण हमारे ग्राहकों को असुविधा होने में कमी लाने में हमारी मदद करता है।



# नेटवर्क में कोई नयी आपूर्ति जोड़ना









## हमें नेटवर्क में कोई नयी आपूर्ति जोड़ने की जरूरत क्यों पड़ती है

जहां कहीं भी हमसे कोई नया (या पहले से मौजूद कनेक्शन में परिवर्तन) कनेक्शन लगाने के लिए किसी ग्राहक द्वारा कहा जाता है जो आपके पास रहता है, तो हमें आपकी विद्युत आपूर्ति बंद करने की जरूरत पड़ सकती है।

कानूनन हमें ये सेवाएं तय समयसीमा के भीतर देनी होती है और हम हमेशा यह प्रयास करेंगे कि असुविधा को कम-से-कम रखा जाये।



# नेटवर्क से पेड़ों/पौधों को हटाना

## हमें नेटवर्क के रास्ते से पेड़ों/पौधों आदि को हटाने की आवश्यकता क्यों होती है

आपके क्षेत्र में विद्युत की आूर्ति की भरोसेमंदी को कायम रखने या बेहतर बनाने के लिए हमारे ओवरहेड लाइनों में पेड़ों और पौधों आदि को बढ़ने से रोकने के लिए हम एक विशाल टीम को लगाते हैं।

हम इस काम को योजनाबद्ध आधार पर पूरे वर्ष चलाते हैं ताकि विद्युत नेटवर्क पर समस्याओं की संख्या को घटाया जा सके जिसके कारण कभी कभी कमियां पैदा हो सकती हैं।



हमसे कैसे संपर्क करें:
0800 587 8865

NORTHERN POWERGRID
www.northernpowergrid.com

कृपया इस कार्ड को भरें और किसी ऐसी जगह रख दें ताकि हर कोई इसे देख सके।

## महत्वपूर्ण सूचना -- हमें इन मौकों पर आपकी विद्युत आपूर्ति बंद करने की जरूरत पड़ेगी:

तिथि: ........................................................................................................................................................................

इस अंतराल में: समय.............................................. am/pm और समय .............................................. am/pm

किसी भी प्रकार की असुविधा के लिए हम क्षमा चाहते हैं।